MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE:02 JUNE 2026

माखनलाल के प्लेसमेंट ड्राइव में 50 से अधिक छात्रों का चयन

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में वर्ष 2026 के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित हुआ। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बीबीसी न्यूज सहित देश के 15 मीडिया एवं संचार संस्थानों ने भाग लिया। इसमें विश्वविद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल अधिकारी प्रो. कंचन भाटिया ने बताया कि प्लेसमेंट प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ होकर 13 मई तक संचालित की गई। इस अवधि में कुल 13 ऑफलाइन और 2 ऑनलाइन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस ड्राइव में बीबीसी न्यूज समेत कई संस्थानों ने भागीदारी की। जल्द ही परिणाम शीघ्र घोषित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने इस उपलब्धि को छात्रों की मेहनत और संस्थान की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि यह प्लेसमेंट सत्र मीडिया और कम्युनिकेशन क्षेत्र में छात्रों के लिए बेहतर अवसरों का संकेत देता है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH'02 JUNE.2026

एमसीयू में एआइ आधारित नए कोर्स शुरू, छात्रों के लिए नए अवसर

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) ने मीडिया क्षेत्र से जुड़े दो नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। विश्वविद्यालय ने एमएससी (एआइ-ड्रिवन मीडिया) और पीजी डिप्लोमा इन एआइ-ड्रिवन मीडिया में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों के अनुरूप तैयार करना और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

आधुनिक एआइ टूल्स का मिलेगा प्रशिक्षण : विश्वविद्यालय के मीडिया रिसर्च विभाग के अनुसार इन कोर्सों में छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। विद्यार्थियों को चैटजीपीटी, जेमिनी, पायथन, नोटबुक एलएम, केपकट एआइ और अन्य आधुनिक एआइ टूल्स का प्रशिक्षण मिलेगा। इसके माध्यम से छात्र न्यूज रूम आटोमेशन, डेटा जर्नलिज्म, फैक्ट चेकिंग, डिजिटल मार्केटिंग और डीपफेक पहचान जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल कर सकेंगे।

एमसीयू का मानना है कि आने वाले समय में मीडिया और एआइ का संबंध और मजबूत होगा। ऐसे में इन क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ेगी। पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद विद्यार्थी एआइ मीडिया प्रोडक्ट मैनेजर, डेटा जर्नलिस्ट, फैक्ट चेकर और न्यूजरूम एआइ विशेषज्ञ जैसे पदों पर करियर बना सकते हैं।

दोनों पाठ्यक्रमों में 20-20 सीटें : एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा को दूसरे वर्ष में एमएससी में अपग्रेड करने की सुविधा भी दी गई है। दोनों पाठ्यक्रमों में 20-20 सीटें हैं। किसी भी विषय से स्नातक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVDUNIYA'02 JUNE.2026

एमसीयू प्लेसमेंट : कई प्रतिष्ठित संस्थानों में 50 से अधिक छात्रों का चयन

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) भोपाल में इस वर्ष का परिसर चयन अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस वर्ष के नियोजन सत्र में देश के 15 प्रतिष्ठित संचार व समाचार संस्थानों ने हिस्सा लिया, जिसमें विश्वविद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थियों का आकर्षक वेतन पर चयन हुआ है। विश्वविद्यालय की नियोजन प्रकोष्ठ अधिकारी प्रो. कंचन भाटिया ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया 24 मार्च से शुरू होकर 13 मई तक संचालित की गई। इस पूरी अवधि के दौरान कुल 13 प्रत्यक्ष और दो आनलाइन माध्यमों से चयन अभियानों का आयोजन किया गया।

इस अभियान में देश के विभिन्न क्षेत्रों के नामी समाचार पत्रों, टेलीविजन चैनलों और तकनीकी संचार संस्थानों ने भागीदारी की। इसके अतिरिक्त एक अंतरराष्ट्रीय समाचार संस्थान द्वारा भी चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिसका परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम और संस्थान की उच्च स्तरीय शिक्षा का प्रतिफल बताया। उन्होंने कहा कि यह सफल सत्र जनसंचार के क्षेत्र में युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य और बेहतर अवसरों का एक बड़ा संकेत है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVDUNIYA'02 JUNE.2026

दैनिक भास्कर भोपाल 02-06-2026

एआई-ड्रिवन मीडिया के दो नए कोर्स, प्रवेश शुरू हुए

भोपाल| माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) ने मीडिया शिक्षा में एआई आधारित दो नए पाठ्यक्रमों- एम.एससी. (एआई-ड्रिवन मीडिया) और पीजी डिप्लोमा इन एआई-ड्रिवन मीडिया में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये कोर्स विद्यार्थियों को एआई और मीडिया के आधुनिक स्वरूप के अनुरूप तैयार करेंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. सीपी अग्रवाल के अनुसार पाठ्यक्रम पूरी तरह प्रैक्टिकल आधारित हैं, जिनमें चैटजीपीटी, जेमिनी, पाइथन, दा विंची रिजॉल्व, नोटबुक एलएम और केपकट एआई समेत 50 से अधिक आधुनिक टूल्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यार्थियों को न्यूजरूम ऑटोमेशन, डेटा जर्नलिज्म, डीपफेक डिटेक्शन और एआई आधारित डिजिटल मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों की विशेषज्ञता मिलेगी।